## एक नजर में

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 25 अप्रैल तक होगा आयोजित

**आलीराजपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में भी 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक श्नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक करना तथा महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमए सम्मेलन एवं संवाद आयोजित किए जाएंगे।इन कार्यक्रमों में प्रबुद्ध महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 14 अप्रैल को डॉण् भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विशेष रूप से नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।इस पदयात्रा में प्रबुद्ध महिलाओं की सहभागिता रहेगी साथ ही शहीद छीतू किराड़ शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर नारी शक्ति वंदन विषय पर चर्चा आयोजित की जाएगी।

### भाजपा का गांव बस्ती चलो अभियान चला भूतखेड़ी में



**राणापुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर झाबुआ विधानसभा के राणापुर मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत भूतखेड़ी में गांव बस्ती चलो अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे पीपला फलिया, भूतखेड़ी से हुई। इस दौरान झाबुआ-रतलाम-अलीराजपुर संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद अनिता नागरसिंह चौहान का ग्रामीणों द्वारा पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं सांसद द्वारा भी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कमलेश नायक ने स्वागत भाषण देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहरलाल सेठिया ने भी भाजपा की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नायक ने सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सांसद चौहान ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि अन्य मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाओं से संवाद करते हुए महिलाओं को 33ब्र आरक्षण देने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विश्वास जैन, मंडल प्रतिनिधि जयेश तुवरिया, आईटी संयोजक शुभम तुवरिया, कार्यालय मंत्री अविनाश पंड्या, कांतिलाल प्रजापत, जनपद सदस्य संगीता राकेश सोलंकी, मंडल मंत्री लक्ष्मी मेडा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री बबलू सकलेचा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भूतखेड़ी सरपंच मुकेश मेडा ने व्यक्त किया।

### पेटलावद के थांदला मार्ग पर किराने की दुकान की आड़ में अवैध शराब की हो रही है बिक्री



**पेटलावद।** थांदला मार्ग पर एक किराने की दुकान की आड़ में अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि दुकानदार दिन-रात किराने के सामान के साथ-साथ शराब बेच रहा है। ग्राहक खुले आम आते-जाते हैं और बिना किसी डर के शराब खरीद ले जाते हैं। सूत्रों के अनुसारए यह दुकान मुख्य सड़क से कुछ ही दूरी पर हैए जहां किराने की दुकान की आड़ में बेखौफ अवैध रूप से शराब भी बेची जा रही है। कई बार स्थानीय युवा और आसपास के गांवों के लोग यहां से शराब लेकर जाते देखे गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह धंधा लंबे समय से चल रहा है और पुलिस .आबकारी विभाग को भी इसकी भलीभांति जानकारी है। पेटलावद क्षेत्र में पहले भी अवैध शराब की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बदनावर-थांदला हाईवे पर भी कई होटल .ढाबों पर खुलेआम अवैध शराब बिक्री का व्यवसाय फल फूल रहा हैं। पुलिस जरूर कभी कभार अप्रभावी कार्यवाही करती है लेकिन काम चलाऊ कार्यवाही से इन अवैध शराब माफियाओं को कोई फर्क नहीं पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने अपना नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस दुकान पर छापा मारा जाए, अवैध शराब जब्त की जाए और सख्त कार्रवाई की जाए। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जिस तरह से अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है उससे अपराध भी बढ़ रहे है।

### झूठी लूट का पर्दाफाश, फरियादी ही निकला मास्टरमाइंड, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

**आलीराजपुर।** जिले में पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए कथित लूट की घटना को झूठा साबित कर दिया। थाना सोंडवा क्षेत्र में हुई इस घटना में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि लूट की कहानी खुद फरियादी ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस पूरे षड्यंत्र का भंडाफोड़ कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अश्विनी कुमार के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने सूक्ष्म जांच करते हुए मामले की परतें खोलीं। दिनांक 26 मार्च 2026 को फरियादी इकबाल शाह ;निवासी देवासद्ध ने थाना सोंडवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने ड्राइवर रवि ;निवासी उज्जैनद्ध के साथ भोपाल से वापी-गुजरात पान मसाला लेकर जा रहा था। लोढनी घाटी के पास बदमाशों द्वारा चाकू की नोक पर मारपीट कर नगदी, मोबाइल और माल लूटने की कहानी बताई गई थी।घटना को विश्वसनीय बनाने के लिए ड्राइवर ने अस्पताल में भर्ती होकर चोट का नाटक किया,जबकि फरियादी ने खुद को जंगल में बेहोश बताकर कहानी को मजबूत करने की कोशिश की। पुलिस जांच के दौरान फरियादी और ड्राइवर के बयानों में विरोधाभास सामने आया। साइबर सेल की तकनीकी जांच और लोकेशन विश्लेषण से संदेह गहराया। इसके बाद की गई मनोवैज्ञानिक पूछताछ में ड्राइवर रवि टूट गया और उसने पूरे षड्यंत्र का खुलासा कर दिया।पूछताछ में सामने आया कि आर्थिक तंगी और पुराने आपराधिक मामलों के चलते रवि ने अपने साथियोंकृसमीर पटेलए शाहरुख और हर्षुकृके साथ मिलकर यह योजना बनाई थी। योजना के तहत उनके साथी एक अर्टिगा कार से आए और चलती गाड़ी से माल के बॉक्सए नगदी और मोबाइल निकालकर इसे असली लूट का रूप दिया गया। पुलिस ने अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास सेरू ?12ए000 नगद, पान मसाले के 3 बॉक्स, एक अन्य आरोपी शाहरुख अभी फरार हैए जिसकी तलाश में पुलिस टीमें सक्रिय हैं।पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका : इस जटिल और सुनियोजित षड्यंत्र का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी निरीक्षक राजाराम बडोलेए उपनिरीक्षक सचिन डावरए बाबूलाल गहलोत, राहुल चौहानए, आरक्षक कैलाशए विक्रम कनासिया एवं साइबर सेल के आरक्षक प्रमोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह मामला दर्शाता है कि आधुनिक तकनीक और सूक्ष्म विवेचना के दम पर पुलिस न केवल अपराधियों तक पहुंच रही हैए बल्कि झूठी कहानियों का भी पर्दाफाश कर कानून व्यवस्था को मजबूत बना रही है।



# माता-पिता के चरणों में ही सारे तीर्थों का वास : साध्वी सुगना

▶ श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह का वर्णन, छठवें दिन व्यास ने कंस वध, जरासंध युद्ध की भी चर्चा की, आस्था में डूबे श्रोता



**बरवेट/ पेटलावद। श्रीसंकट मोचन सरकार बरवेट के पवन सानिध्य में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छटवे दिन एक अत्यंत सशक्त और प्रेरणादायक विचार को सभी श्रद्धुलुओं को समझाया।**

उन्होंने कहा कि बेटियों को कोमल या केवल सुंदरता का प्रतीक चांद बनाने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर, निडर और प्रभावशाली सूरज बनाएं। ताकि आपकी लड़कियों को सशक्त बनाना है ताकि वे घूरने वाली नज़रों का शिकार न बनें,बल्कि सम्मान प्राप्त करें। व्यास पीठ से साध्वीजी ने आव्हान करते हुए कहा कि अपनी बेटियों को कोमल या केवल सुंदरता का प्रतीक चांद नही बनाएं कि लोग घूरते रहें। उन्हें आत्मनिर्भर, निडर और प्रभावशाली सूरज की तरह तेज बनाए ताकि देखने वाला जल कर खाक हो जाए। कहने का मतलब यह है की अपनी लड़कियों को सशक्त बनाना है ताकि वे घूरने वाली नज़रों का शिकार न बनें, बल्कि आप गर्व से नजरे उठा कर चल सको। भगवतकथा के छटे दिन की आरती प्रसादी का लाभ प्रवीण कुमार अशोक कुमार भटेवरा परिवार की ओर से लिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक वालसीह मेड़ा, हनुमंत सिंह डाबरी, अग्निनारायण सिंह बोडायतए अजयपाल डही, राठौर बरवेट दुर्गादास मोटापाला, विपुल लोढ़ा सहित आसपास के जिले से श्रोता जन कथा श्रमण करने के लिए पहुंच रहे है। श्रीमद् भागवत कथा अमृत महोत्सव के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा कंस वध ए जरासंध युद्ध और श्री कृष्ण ?रुकमणी विवाह का वर्णन किया गया । जहां कथा व्यास साध्वी के श्रीमुख से वर्णन सुन श्रोता भक्त भावविभोर हो गए । वहीं श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह में श्रोता भक्त बराती बन झूमे। जिसका नाट्य रूपांतरण की प्रस्तुति से श्रोता भाव विभोर हुए।

कथा को आगे बड़ते हुए बताया कि जब भगवान श्री कृष्ण बड़े हो जाते हैं तो वह कंस की जेल में बंद अपने माता.पिता देवकी वासुदेव को छुड़ाने के लिए कंस का वध कर छुड़ा लाए । कंस वध से नाराज़ कंस के ससुर मगध के राजा जरासंध श्री कृष्ण से बदला लेने के लिए मथुरा पर सत्रह बार हमला किया । हर बार श्रीकृष्ण भगवान और बलराम पराजित कर छोड़ देते थे लेकिन मारते नहीं थे ।अट्ठारहवीं बार श्रीकृष्ण भगवान मथुरावासियों को द्वारका में ले जाकर बसाया । श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण पढ़ने गुरूकुल चले जाना ए कालिया नाग का वध जरासंध युद्ध सहित अन्य भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनकर भक्त भावविभोर हो गए ।

कथा व्यास सुगुणा बाईसा ने श्री कृष्ण विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के लिए जब कोई नंदगांव आता तो उनकी बाल लीलाओं को सुना वापस कर देते थे । जब विदर्भ देश के राजा की बेटी रुक्मिणी को लेकर भगवान श्रीकृष्ण द्वारकाधीश गए जहां आधे द्वारकावासी बाराती बने वहीं आधे जनाती बने और श्रीकृष्णा रूखमणी का विवाह संपन्न करवाया।भागवत कथा के दौरान साध्वी जी ने माता.पिता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से अपने माता.पिता की सेवा करता हैए उसे तीर्थ यात्रा या भगवान की पूजा करने की आवश्यकता नहीं है। माता.पिता साक्षात देवता तुल्य हैं।

उन्होंने कहा कि माता-पिता के चरणों में ही सारे तीर्थ हैं। उनकी सेवा से मिलने वाला पुण्य किसी भी पूजा से बहुत अधिक है। कहने का मतलब है कि जो संतान माता-पिता का सम्मान और सेवा करती हैए उस पर भगवान की कृपा बनी रहती है। तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है, मांण्ण्ण् ओ मांण्ण्ण्ण् भजन पर सभी श्रोता की आखों से अश्रु धारा बहने लगी।

भागवत कथा में गौमाता के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि गौमाता आज भेड़ बकरियों की तरह काटी जा रही है।गौ हत्या पर रोकने के लिए एक कानून बनना चाहिए। ताकि गौहत्या पर नियंत्रण हो सके। साथ ही गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। इसके लिए लिए संत समाज और विभिन्न संगठनों द्वारा देशव्यापी गो सम्मान आवाह्न अभियान् चलाया जा रहा है। 27 अप्रैल 2026 को श्गौ सम्मान दिवस् मनाकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

सर्व हिंदू समाज को मुहिम से जुड़कर गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को संवैधानिक दर्जा दिलाए। 'जो रात को जागते है वो निस्शाचार होते है' भागवत कथा को आगे बड़ते हुए साध्वी जी ने कहा कि जो देर तक जागता वो निशाचर हो जाता है। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। जिससे शरीर में बीमारिया पनप रही है। रोजाना आदत तनाव बढ़ाती है। वर्तमान में मोबाइल भी निशाचर की संख्या बड़ा रहा है। इसीलिए अपने बच्चो को मोबाइल से दूर रखे या उनका ध्यान रखे।

## जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की वार्षिक बैठक



**मनावर।** भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति इकाई मनावर की वार्षिक औपचारिक बैठक स्थानीय मंगला देवी मंदिर में आयोजित की गई। जिसमें समिति की गतिविधि तथा गत वर्ष नगर में पहली बार आयोजित रथयात्रा की समीक्षा एवं आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बैठक में वर्ष 2026 में निकलने वाली रथ यात्रा को भव्य बनाने हेतु व्यापक चर्चा की गई।

समिति के सदस्यों से विशेष तैयारियां करने का विशेष अनुरोध किया गया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष नगर में निकाली गई रथ यात्रा ऐतिहासिक भव्य और सफल रही। नगर तथा आस-पास के ग्रामों से पधारे भक्तजनों ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर अपने जीवन को सफल बनाया। ब्रह्मांड पुराण के अनुसार रथारूढ़ भगवान के दर्शन मात्र से मानव जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है, इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए उपस्थित सदस्यों ने रथ यात्रा को अधिक भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया गया। गत वर्ष आयोजित रथयात्रा की सफलता पर आयोजक समिति को बधाई दी गई। उपरोक्त बैठक में सोनू पाटीदार, मोहित विश्वकर्मा, वंश पाटीदार, नक्षत्र पाटीदार, कोस्तुभ जोशी, आनंद कुशवाह, अभिषेक वर्मा, यश जौहरी, देवेंद्र सोलंकी, जगदीशचंद्र पाटीदार, राजा पाठक उपस्थित रहे।

### जगन्नाथ रथ यात्रा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

मान्यता है कि जो श्रद्धालु इस रथ यात्रा में भाग ले कर श्रद्धाभाव से भगवान के रथ को खींचते हैं, उनके सभी पाप कट जाते हैं और उन्हें पुण्य फल की प्राप्ति होती है। आम तौर पर मंदिर के गर्भगृह में रहने वाले भगवान जगन्नाथ इस दिन स्वयं मंदिर से बाहर निकलकर, आम जनता को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलते हैं। रथ यात्रा में सकल हिंदू समाज भक्तिभाव से सम्मिलित होकर एक साथ मिलकर भगवान का रथ खींचते हैं, जो सामाजिक एकता सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। यह यात्रा भगवान कृष्ण के वृंदावन वापस आने की याद में निकाली जाती है, जिसे 'गुंडिचा यात्रा' या 'रथ उत्सव' के नाम से भी जानते हैं। ऐसी मान्यता है कि रथ यात्रा में भगवान के रथ को रस्सियों से खींचना हजारों यज्ञों के बराबर पुण्य प्रदान करता है। यह महोत्सव आस्था, विश्वास और भक्ति का एक अनूठा संगम है, जो भक्तों को भगवान के साक्षात दर्शन और सेवा का अवसर प्रदान करता है।



## नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**मनावर।** ग्राम मुहाली में नव-निर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धार सीमेंट वर्क्स के यूनिट हेड नितेश निराला जी रहे। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथियों में राजेश जैन (एफएच-एचआर), विपिन सक्सेना (सीएसआर हेड) तथा ग्राम मुहाली के सरपंच श्री विक्रम मुवेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे तथा कंपनी द्वारा प्रदान की गई इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए उन्होंने हर्ष और आभार व्यक्त किया।

शुरुआत सरपंच द्वारा नितेश निराला के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। अपने संबोधन में सरपंच ने कंपनी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सीएसआर कार्यों की जानकारी दी तथा श्री निराला जी की उपस्थिति के लिए उनका धन्यवाद किया।अपने भाषण में नितेश निराला जी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कंपनी उनके समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी इस प्रकार के जनहित कार्य करती रहेगी।

राजेश जैन ने भी कंपनी की विभिन्न सीएसआर पहलों के बारे में जानकारी साझा की और ग्रामीणों से गौशाला सेवा में सहयोग करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत के अधिकारियों, स्कूल स्टाफ एवं सीएसआर टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सरपंच विक्रम मुवेल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## आंगनवाड़ियों में मंगल दिवस कार्यक्रम करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर

▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक



**आलीराजपुर ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गईए जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण कर जिले को ए ग्रेड रैंकिंग में लाया जाए।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान के तहत अस्वीकृत प्रकरणों के कारण सहित जानकारी कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि छात्रावासों के हर माह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा पिछली कमियों का अगली निरीक्षण में सुधार किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर माथुर ने संबंधित विभागों को अभियान को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजें। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी तहसीलदारों को फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए समय सीमा से बाहर हुए मामलों में संबंधित अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी सीडीपीओ को आंगनवाड़ियों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रत्येक केंद्र पर प्रति मंगलवार मंगल दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक के दौरान जिला आधार निगरानी समिति की बैठक पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समस्त विकासखण्ड स्तर पर भी बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने के निर्देश दिए जिसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा, सुश्री दीपिका पाटीदार सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव उमंग का समापन, विजेता पुरस्कृत

**इंदौर .** पटेल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में चार दिवसीय वार्षिकोत्सव उमंग के समापन समारोह में इंदौरी गोविंदा श्याम पांडेय, गायक चिंतन बाकलीवाल, जूनियर नसीरुद्दीन शाह, इंदौरी सुनील सेठी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए. पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इसान पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रो. पुष्पराज मिश्रा, डॉ जय तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया .उमंग में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को संस्थान द्वारा पुरस्कृत किया गया इसी इस अवसर पर मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति एवं पटेल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की चेयरपर्सन प्रीति पटेल एवं प्रो चांसलर डॉ अजीतसिंह पटेल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इशा पटेल ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी.

## एक नजर में

दाम अंतरराष्ट्रीय और सुविधाएं शून्य : न पानी बदला जा रहा, न कोच का अता-पता ; संचालकों पर मारपीट का भी आरोप

# धार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल में अव्यवस्थाओं का अंबार, जनता में आक्रोश



**धार।** शहर में बड़े तामझाम के साथ शुरू हुए नवीन स्विमिंग पूल को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का दावा करने वाले इस पूल में आम जनता को न केवल भारी शुल्क देना पड़ रहा है, बल्कि बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। सोमवार को धार नगर की आम जनता ने जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी को आवेदन सौंपा। आवेदन में संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

गंदे पानी से बीमारियों का खतरा- पूल में नियमानुसार पानी नहीं बदला जा रहा है। पानी साफ करने के नाम पर केवल घातक केमिकल डाले जा रहे हैं, जिससे बच्चों और तैराकों को त्वचा संबंधी बीमारियां (Skin Infections) हो रही हैं।

**अत्यधिक शुल्क :** अंतरराष्ट्रीय स्तर के नाम पर शुल्क इतना अधिक रखा गया है कि वह आम जनता की पहुंच से बाहर है। सुरक्षा में बड़ी चूक -सिखाने के लिए उच्च स्तरीय कोच मौजूद नहीं हैं। जो कोच बाहरी राज्यों से आए हैं, उनका न तो पुलिस वेरिफिकेशन हुआ है और न ही उनके पते का कोई रिकॉर्ड है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

**अभद्र व्यवहार और मारपीट:** शिकायत पत्र के अनुसार, स्विमिंग पूल के संचालक का व्यवहार आम जनता के प्रति बेहद अभद्र है। 10 अप्रैल को पूल के कर्मचारियों द्वारा एक मेंबर के साथ मारपीट भी की गई, जिससे शहरवासियों में गहरा रोष है। पूल बना विवादों का अड्डा, जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग-ग्रामीणों और शहरवासियों का कहना है कि जिस उम्मीद के साथ इस अंतरराष्ट्रीय पूल की शुरुआत हुई थी, वह दो महीने के भीतर ही धराशायी हो गई है। सफाई व्यवस्था बदहाल है और संचालक की मनमानी चरम पर है।

**आगे क्या :** शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि संचालक पर तुरंत अंकुश लगाया जाए और पूल की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना या विवाद से बचा जा सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से समंदर सिंह पटेल, वरिष्ठ अशोक शास्त्री, अजय सिंह ठाकुर (एडवोकेट), धर्मेंद्र जोशी, प्रवीण शर्मा (एडवोकेट), गिरीश राजपुरोहित, गुड्डू भाई, आशीष वैद्य, हेमंत सिसोदिया, अंकुर तिवारी सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।